Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 05-05-2023 अंक 559

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

## पूर्व माओवादी के पुत्र का शव कुएं से बरामद



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : भाकपा माओवादी के पूर्व सब जोनल कमांडर बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी के पुत्र सकलदीप गंझू (25) का शव हेरहंज थाना के बिदिर गावं के एक कुएं से बरामद किया गया. बासुदेव गंझू ने बताया कि बुधवार की रात्रि सकलदीप घर एक शादी में भाग लेने गया था. बताया कि वह रात के एक बजे तक शादी समारोह में हीं था. गुरुवार की सुबह तक जब घर नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी. गुरुवार की शाम पांच बजे ग्रामीणों ने गांव के एक कुएं में उसके शव को देखा. इसकी सूचना हेरहंज थाना पुलिस को दी गयी. इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल बिदिर गांव पहुंची. पुलिस ने शव को कुएं से निकाला. बता दें कि बा. सुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी ने पहले भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर थे. बाद में वह टीएसपीसी में सबजोनल कमांडर रहे. उन्होंने 24 जनवरी 2020 को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया था.

## समाज सेवी ने उर्मिला मिश्रा निजी कोष से कराया शिव मंदिर का निर्माण







**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : महिला समाज सेवी उर्मिला मिश्रा के सौजन्य से धर्मपुर में आंगनबाड़ी के समीप शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। उर्मिला मिश्रा ने एक पत्रकारवार्ता में बताया कि मंदिर का निर्माण निजी कोष से कराया गया है जिसका शिलान्यास 10 फरवरी 2021 को किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज व परिवारजनों की चाहत थी कि एक शिव मंदिर का निर्माण हो जहां आसपास के लोग निष्ठा के साथ पूजा अर्चना कर सके। उन्होंने बताया कि 8 मई को कलश यात्रा ,9 मई को वेदी पूजन के बाद नगर भ्रमण और अधिवेशन किया जाएगा । वही 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक और हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यहां के लोग शिवलिंग स्थापित कर पूजा पाठ किया करते थे। जिससे उन्हें मनोवांछित फल की प्राप्ति होती थी। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इधर उनके इस सराहनीय कार्य के लिए जिले के कई वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी है।मौके पर ब्रजेश मिश्रा,अनिल गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।


APEM LIVE


# डायन बिसाही के नाम पर होनहार युवक पर जानलेवा हमला, इलाज के दौरान हुई मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**









बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो निवासी रोहित पंडित उम्र लगभग 30 वर्ष पिता बासुदेव पंडित ने 3 मई को बरही थाना में आवेदन देते हुए गांव के ही सेवा पंडित पिता स्व शोभन पंडित, अनिता देवी पति सेवा पंडित, लोकनाथ पंडित, राजू पंडित, सीताराम पंडित, नरेश पंडित चारो पिता सेवा पंडित, बंधनी मोसोमात पति स्व शोभन पंडित, रेखा देवी पति लोकनाथ पंडित, मनीषा देवी पति सीताराम पंडित एवं पूजा देवी पति राजू पंडित उपरोक्त सभी नामजद अभियुक्तों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। जिसका मौत बीते रात लगभग 10 बजे रिम्स में इलाज के दौरान हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित पंडित की मां नगिया देवी को उपरोक्त सभी नामजद अभियुक्त डायन - बिसाही बोलकर मारपीट कर रहे थे। जब इस बात की जानकारी रोहित को मिली तो वह अपनी मां को बीच - बचाव के लिए गया जहां दबंगाइयों ने लाठी - डंडा से पीट - पीटकर अधमरा कर दिया। वहीं एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया गया। वहीं रोहित के परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रोहित को रांची के 'हेल्थ प्वाइंट' में भर्ती करवाया। स्थिति बिगड़ते देख उनके परिजनों ने रोहित को राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं इस बात की सूचना पाकर जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, थाना प्रभारी ललित कुमार, एस.आई महेंद्र बैठा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, स्थानीय मुखिया विजय यादव मृतक के गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया की रोहित के हत्या में शामिल हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। वहीं बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने भी ग्रामीणों को आश्वाशन देते हुए कहा की घटना में शामिल अपरा. धियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं मारपीट में गंभीर रूप से घायल हूई रोहित की मां, पत्नी रिंकू देवी एवं उनकी बहन को पुलिस वैन से बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों का प्रा. थमिक उपचार किया गया। वहीं मृतक के पिता बासुदेव पंडित के फर्द ब्यान पर सेवा पंडित, अनिता देवी, राजू पंडित, पूजा देवी, सीताराम पंडित, मनीषा देवी एवं नरेश पंडित पर षडयंत्र के तहत मेरा बेटा रोहित पंडित पर डायन - बिसाही का आरोप तथा कुंआ का पानी के विवाद को लेकर रोहित पर जानलेवा हमला किया गया। जिसमे उसकी मौत हो गई।

### क्या कहते है ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया की मारपीट करने वाले लोग रोहित की मां को कई बार डायन - बिसाही कहकर प्रताड़ित करते थे। और हमेशा उसके साथ गाली गलौज करते थे। प्रत्येक दिन की तरह रोहित की मां बुधवार सुबह सात बजे अपने घर के नजदीक खेत में काम कर रही थी। लेकिन तभी दबंगाइयो ने उनके साथ मारपीट करने लगे। जब इस बात की जानकारी रोहित को मिली तब वह अपनी मां को बचाने आया था लेकिन उसे भी दबंगाईयो ने बेरहमी के साथ मारपीट किया। जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया की रोहित अपने घर का इकलौता बेटा था जिसकी शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व हुई थी। रोहित का चार साल की बेटी भी है। वहीं उसकी मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### क्या कहते है स्थानीय मुखिया विजय यादव



वहीं स्थानीय मुखिया विजय यादव ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा की विडंबना है की आजादी के सात दशक ' बाद भी हमारा समाज अंधविश्वास के गर्त से बाहर नहीं निकल पाया है। कहने को तो हमारे देश की साक्षरता 74 प्रतिशत है लेकिन इसके विपरीत आए दिन अंध. विश्वास के नाम पर घटित होने वाली प्रताड़ना वा मारपीट की घटनाएं देश की खोखले विकास की पोल खोलकर रख देती है। एक और इसरो के सफल प्रक्षेपण की खबरें हमे खुश कर रही है तो वहीं दूसरी और अंधश्रद्धा की खबरें हमारी खुशी को गम में तब्दील कर रही है। ये अजीब कशमकश है जिसमे हमारा समाज पिसता जा रहा है। सोचने की बात यह भी है की समय के साथ विज्ञान के विकास के बाद जिस आडंबर और अंधविश्वास का अंत होना चाहिए था, वो अब तक नही हो सका है, बल्कि दुःख इस बात का है की आधुनिक वा शिक्षित पीढ़ी भी इस मार्ग की और अग्रसर हो रही है। काला जादू, भूत - प्रेत, मानव व पशु बलि, डायन प्रथा, बाल विवाह से लेकर कांच टूटने, बिल्ली के रास्ते काटने जैसी पर भी लोग अंधविश्वास रखते है।

### ना पड़े तांत्रिक के चक्कर में : मो कयूम



पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने रोहित जैसे होनहार युवक का डायन - बिसाही के नाम पर हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा की हमारे देश में आस्था और धर्म के नाम पर लोग कुछ भी करने को तैयार है। यहां चमत्कार और तंत्र मंत्र पर विश्वास करने वाले लोगों के कमी नहीं है। अपने दुखों को दूर करने के लिए कई बार लोग तांत्रिक के चक्कर में पड़ जाते है। अक्सर अपनी अंधश्रदा का लोगों पर बुरा असर पड़ता है। ढोंगी तांत्रिको द्वारा ऐसे - ऐसे कई कांड किए जा चुके है जिसे सुनकर आत्मा तक कांप जाती है। उन्होंने कहा की भारतीय समाज में महिलाओं का डायन बिसाही के नाम पर, कभी शादी ना होना, कभी बच्चा ना होना, कभी दहेज की वजह से अक्सर महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। विभिन्न कारणों से बेहद दुखी होने के कारण महिलाएं अक्सर ढोंगी तांत्रिको के चक्कर में पड़ जाती है। जिसको लेकर उन्होंने कहा की देश में महिलाओं को ज्यादा शिक्षित और समर्थ बनने की जरूरत है। महिलाओं के प्रति पूरे समाज का नजरिया बदलने के लिए हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास करना चाहिए। जब तक महिलाओं को शादी ना होने या बच्चा ना होने के लिए हर वक्त उन्हें कोसना बंद नहीं होगा तब तक उनके इस तरह के ढोंगी बाबाओं के चक्कर में फंसने की संभावना बनी रहेगी।

# जंगली हाथियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल कर मारा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है ।ताजा मामला चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत के माल्हन गांव का है ।यहां गुरुवार की देर रात जंगली हाथियों ने एक ईंट भट्ठे में पहुंचकर एक ही परिवार के 3 लोगों को कुचल कर मार डाला ।घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है ।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है ।बीती रात ईट भट्ठे में काम करने वाले मजदूर फनु भुइयां ईट भट्ठा में एक छोटे से झोपड़ी में अपनी पत्नी और एक छोटी बच्ची के साथ सोया हुआ था ।इसी दौरान हाथियों के झुंड ने झोपड़ी में सोए फनु भुइयां, उसकी पत्नी बबीता देवी और 3 वर्षीय बेटी को अपनी चपेट में ले लिया और तीनों को कुचल कर मार डाला ।इस दौरान हाथियों ने ईट भट्ठे में जमकर उत्पात भी बचाया ।वहां काम कर रहे अन्य मजदूर किसी प्रकार अपनी जान बचाकर वहां से भागे। तीनों मृतक गढ़वा जिले के रहने वाले थे ।ईट भट्ठे में काम करने वाले एक अन्य मजदूर ने बताया कि हाथी अचानक ईट भट्ठे में पहुंच गया ।मजदूर का कहना है कि झुंड में हाथियों की संख्या 12 से अधिक थी ।जब तक हम लोग समझ पाते तब तक हाथियों ने हमला कर दिया और तीन लोगों को पटक-पटक कर मार डाला ।बाकी लोग तो किसी प्रकार अपनी जान बचाकर वहां से भागे ।उसके बाद हाथी जंगल की ओर भाग गया ।बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया ।इस सम्बन्ध में वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मजदूर देर रात सो रहे थे, इसलिए उन्हें हाथियों के झुंड के आने का पता नहीं चला और वे हमले का शिकार हो गये ।कहा कि विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि के रूप में 60,000 दी गयी है ।बाकी राशि सारे कागजी प्रक्रिया के बाद भुगतान की जायेगी। हाथियों से बचाव के बाबत में कहा कि हमारी एक टीम लगी हुई है। इधर घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है ।ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में पिछले कई महीनों से लगातार हाथियों का आतंक जारी है ।इसके बावजूद विभाग के द्वारा किसी प्रकार के सकारात्मक प्रयास नहीं किया जा रहा है।

दिनांक: 05-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## शव के साथ गिरफ्तारी की मांग को लेकर बरही थाना के समक्ष धरना पर बैठे विधायक एवं परिजन



बरही थाना में धरना पर बैठे विधायक अकेला



चतरो में हुई रोहित पंडित की हत्या के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विधायक उमाशंकर अकेला मृतक के परिजनों के साथ बरही थाना पहुंचे। बरही थाना में एसडीपीओ नजीर अख्तर भी पहुंचे। विधायक ने पूछा की जब दूसरा पक्ष के लोग कोई चोटिल नही थे। फिर उनका केस कैसे हो गया। जबकि मृतक रोहित पंडित गंभीर रूप से घायल थे। परिजनों ने आरोप लगाया की पुलिस उल्टा पीड़िता को ही डांट फटकार की। यह सुनकर विधायक आग बबूला हो गए। एसडीपीओ से कहा की पीड़िता को ही पुलिस डांट फटकार लगाए, यह कहां का न्याय है। पुलिस की उदासीनता एवं लापरवाही का आरोप लगाकर विधायक शव लेकर परिजन के साथ धरना पर बैठ गए। कहा जब तक दोषी हत्यारों को गिरफ्तार नही किया जाता । तब तक हम लोग धरना समाप्त नहीं करेंगे। हालांकि एसडीपीओ ने उन्हें आश्वस्त किया की दोषी व्यक्तियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। इस मामले को लेकर पुलिस छापेमारी अभियान चलाए हुए हैं। विधायक को एसडीपीओ ने बताया की रोहित पंडित के आवेदन पर पहले ही केस किया जा चुका है। धरना में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठु गोप, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मो वारिस, बासुदेव यादव, मो असलम, सिबलाल पंडित , जागेश्वर कुम्हार, बालेश्वर कुम्हार, सुकर कुम्हार, जितेंद्र पंडित, सोना पंडित, राकेश पंडित, सोहवा देवी, अनामिका देवी, सुनीता देवी, पंचम देवी, मनिता देवी सहित मृतक के परिजन के साथ साथ गांव के ग्रामीण भी शामिल थे।

## भजन गायिका शहनाज अख्तर के गीतों पर रात भर झूमें लोग

### कुम्हरडीहा गांव में पूर्णाहुति एवं भक्ति जागरण के साथ महायज्ञ संपन्न





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागाँव प्रखंड के नयाटांड पंचायत स्थित ग्राम कुम्हरडीहा में पांच दिवसीय शिव– परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति महाभंडारा एवं प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर के भक्ति जागरण के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ के पाँचवें दिन प्रसिद्ध भजन भक्ति गायिका शहनाज अख्तर एंव बबन छेला की भक्ति जागरण के माध्यम से भक्ति गीतों व झांकियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शहनाज अख्तर के भक्ति गीत जो राम का नहीं, ओ किसी काम का नहीं सुनते ही सारे भक्त झूम उठे ,ऐसे दर्जनों भक्ति गीत प्रस्तुत की, जिसे देखने और सुनने के लिए बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू हजारीबाग समेत अन्य गांवों और शहरों से हजारों लोग पहुंचे थे।उनके गीतों पर लोग रात भर झुमते रहे एंव एक से बढ़ कर झकियो कि आनन्द उठाये,जिसे देखने और सुनने के लिए भव्य भीड़ उमड़ पड़ी ।मंच का उद्‌घाटन समाजसेवी महेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया,मौके पर विधायक अंबा प्रसाद,आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी,जिप सदस्य सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू,मुखिया लीलावती देवी,मुखिया प्रति. निधि अजीत महतो,यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रभु सिंह ,सचिव आरघु महतो , कोषाध्यक्ष महेश सिंह, कुंवर महतो, पप्पू प्रजा. पति,राजू महतो,राजेन्द्र महतो, जगपाल ठाकुर, छोटू कुमार, हेमंत महतो, जनार्दन ठाकुर, सुमित कुमार, पप्पू सिंह, मनोज ठाकुर, कृष्णा महतो ,गौतम ठाकुर ,अशोक महतो ,मुद्रिका सिंह ,राजू रवानी, मुरली महतो ,जादू सिंह, विनोद महतो ,रोशन कुमार, टिंकू कुमार, सुदामा प्रजापति, महेश प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, रूपेश कुमार, रविंदर महतो ,बादल कुमार, संजय ठाकुर ,ब्रह्मदेव रवानी, देवदीप सिंह ,छोटी प्रजापति, राहुल सिंह ,मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर के अलावा अन्य लोगों शांति और सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका रहा।






## पूर्व विधायक व पूर्व जीप अध्यक्ष ने एन वाई एस स्कूल का किया उदघाटन

### शिक्षा व्यक्ति का भविष्य व चरित्र का निर्माण करता है : मनोज यादव





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

नव युवक संगठन द्वारा संचालित एन वाई एस इंटरनेशनल एकेडमी का उदघाटन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, कोडरमा जिला के पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, आदि ने सामुहिक रूप से दिप प्रज्वल्लित कर किया। स्कूल के संस्थापक शिवम गोस्वामी, सक्रिय सदस्य सुरेश शर्मा, अशोक गोस्वामी, राजकुमार ठाकुर, लखन ठाकुर, हीरा साव, पप्पू दाँगी, विजय दाँगी, प्रकाश ठाकुर, सुरेश प्रजापति ने अतिथियो को भागवत गीता व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एनवाईएस के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि कई वर्ष पहले बसरिया के नौ लोगों ने बसरिया में एक भव्य स्कूल निर्माण का सपना देखा था आज ओ सपना साकार हो रहा है। कहा बसरिया सहित आसपास के बच्चे बहुत ही राशि मे अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यातिथि मनोज कुमार यादव ने कहा कि पहले व्यक्ति के जीवन मे रोटी कपड़ा मकान जरूरी था लेकिन अब शिक्षा भी जरूरी हो गया है। कहा शिक्षा से व्यक्ति का भविष्य व चरित्र का निर्माण होता है। कहा एक दिन बसरिया में इतिहास लिखा जाएगा कि नौ जूनूनी युवकों ने बसरिया में भव्य स्कूल का निर्माण कर बच्चों का भविष्य लिखने का कार्य किया था। शालिनि गुप्ता ने कहा संचालकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान जरूर दे। कहा शिक्षा का उद्देश्य को बनाये रखे, शिक्षा को व्यवसाय नही बनने दे। कहा शिक्षा बच्चों के व्यवहार में दिखना चाहिए तभी होगा सर्वागीण विकास। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बसरिया के नौ युवकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है यह स्कूल। मौके पर समाजसेवी भुनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, स्थानीय मुखिया मंजू देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, समाजसेवी हरिशचंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, गुरुदेव गुप्ता, राष्ट्रपति पुरुस्कार से समान्नित डॉ बालेश्वर राम, शिक्षाविद रामप्रवेश पांडेय, बिरेन्द्र ठाकुर, पिंटू सोनी, देवेंद्र राणा, बैजनाथ ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने चौयकलां में कपड़ा दुकान का किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चयकला मे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कपड़ा का दुकान ऐके इंटरप्राइजेज का फीता काटकर व नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। संचालक मुकेश कुमार दाँगी ने अतिथियोका बुके देकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बो. धित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनो को साकार करेगा यह दुकान। युवा स्वरोजगार से जुड़कर अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे। कहा ग्रमीण क्षेत्र में इतना भव्य दुकान से लोगों को सस्ती दर पर कपड़ा मिलेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि मुकेश दाँगी ने अपने मेहनत के बल पर आज अपना व्यवसाय शुरुर किये है । मुकेश व उनके व्यवसाय को भविष्य की शुभकामनाएं। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर, राकेश पांडेय, कैलाश दाँगी, कामदेव ठाकुर, बिट्टू कुमार, संदीप कुमार, शम्भू साव, मुकेश दाँगी, अशोक साव, दयानंद साव, बिट्टू राणा, पिंटू साव, आशीष कुमार, उपेंद्र ठाकुर, अखिलेश दाँगी सहित अन्य।






डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एकल अभियान की बैठक, कार्यों की समीक्षा और योजना तैयार की गयी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के चंदनडीह स्थित कार्यालय में एकल अभियान की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में अप्रैल माह के कार्यों की समीक्षा की गयी।साथ ही मई महीने के लिए कार्य योजना तैयार की गयी।बैठक में आगामी 13 मई को लातेहार अंचल का तिलक उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में अंचल संरक्षक सह अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने तिलक उत्सव के उद्देश्य और महत्वों की जानकारी दी। 13 मई को मनाया जायेगा लातेहार अंचल का तिलक उत्सव अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने तिलक उत्सव की तैयारियों में जुटने और इसे सफल बनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य बिना सामुहिक सहयोग के पूरा नहीं होता है।मौके पर अंचल सचिव महेंद्र प्रसाद शौंडिक, अंचल कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, रमेश कुमार पांडेय, पलामू भाग उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, अंचल संरक्षक राजीव रंजन पांडेय, अंचल अभियान प्रमुख किशोर यादव आदि उपस्थित रहे।

## लाइफ लाइन प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की सफलता को ले बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : 231वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 15मई से 4जून तक आयोजित कि जायेगी। इसी कार्यक्रम को लेकर सीएचसी लातेहार के सभागार में सहिया एवं सहिया साथी के साथ बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता बीटीटी उमानाथ सिंह ने किया। बैठक में सभी सहिया सहिया साथी को विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे लोगों के घर में जाकर सर्वे करने के बाद उनका लिस्ट तैयार करने को कहा उन्होंने बताया कि इस शि. विर में आंख की जांच , मोतियाबिंद की सर्जरी , कान की जांच , मुड़े हुए पैर की सर्जरी , कटे फटे होंठ की जांच और सर्जरी, दांतों की जांच और उपचार , स्त्री स्तन एवं ग्रीवा कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि ओपीडी का समय सुबह 9:00 से 4: 00 बजे शाम तक रहेगा जहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज संभव हो पायेगा। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सिर्फ ओपीडी होगा वहीं सर्जरी की सारी प्रक्रिया टोरी रेलवे स्टेशन में लगे लाइफ लाइन एक्सप्रेस में किया जायेगा। अपने अपने क्षेत्रों के मरीजों को जिन्हें कैंप में दिखलाना है उन्हें अपने साथ में आधार कार्ड और पहचान पत्र लाने की अनिवार्यता के बारे में सहिया एवं सहिया साथी को जानकारी देने की बात कही गई है। आज के बैठक में मौके पर एसटीटी बंधु उरांव , बीटीटी उमानाथ सिंह , सहिया गीता देवी , सुनिता कुजूर , रूपन्ती देवी , बबीता पांडेय , सावित्री देवी , सोहबती देवी , सावित्री देवी , राधा देवी , जेयन्ती देवी सहित अन्य सहिया साथी मौजूद रहे।




## अदाणी फॉउंडेशन ने हरली हाईस्कूल में मनाया शविश्व हाथ स्वच्छता दिवस पुरस्कृत हुए चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : गोन्दलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शविश्व हाथ स्वच्छता दिवसश के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को हाथ की स्वच्छता के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा इसी विषय पर एक चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें अदाणी फॉउंडेशन की ओर से स्कूल को उपलब्ध कराए गए। शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को हाथ की स्वच्छता के बारे में बताया। शिक्षकों ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से स्वच्छता का महत्त्व और बढ़ गया है, जिस वजह से अपने घर और आस-पड़ोस के साथ-साथ स्कूल और स्वयं की स्वच्छता का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान शिक्षकों ने हाथ को स्वच्छ रखने के तरीके भी बताए और उससे जुड़ा एक डेमो छात्र-छात्राओं को दिखाया। शिक्षकों ने कहा कि हमारे चारों ओर सूक्ष्मजीवों के कारण होने वाली कई घातक और खतरनाक बीमारियां हैं। वे सभी किसी न किसी तरह से हमारे अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, जो आसानी से हमारे हाथों से हो सकता है। ऐसे माइक्रोबियल हमलों के खिलाफ हाथ की स्वच्छता सबसे अच्छा बचाव है। कार्यक्रम के अंत में चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता अभिषेक कुमार (क्लास 12) को प्रथम, अंकित कुमार (क्लास 12) को द्वितीय एवं काजल कुमारी (क्लास 12) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इनके अलावा अन्य कई प्रतिभागी सम्मानित किए गए।

## पूर्व विधायक के प्रयास से महूदी में मिला ट्रांसफॉर्मर को मुखिया ने किया उदघाटन

### भले ही हम विधायक नही हो लेकिन जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता हूँ : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बहेरा पंचायत के महूदी में बीते कई दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर का कोई सुध लेने वाला नही था। हमने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से सम्पर्क साधा और उन्होंने अपने प्रयास से महूदी में 100केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया पूजा कुमारी ने पूर्व विधायक के प्रति ग्रमीणों की ओर से आभार प्रकट किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भले ही हम विधायक नही हो लेकिन जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता हूँ और भविष्य में भी रहूँगा। कहा अधीक्षण अभियंता से बात कर महूदी में जल ट्रान्सफार्मर को अविलंब उपलब्ध कराने को कहा। इससे पहले स्थानीय मुखिया ने पूर्व विधायक के उपस्थिति में ट्रांसफार्मर का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर करमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रणबीर प्रसाद, समाजसेवी रामचन्द्र सिंह, रामावतार सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप साव, अशोक सिंह, रामाधीन राणा, मुकेश साहू, दीपेन सिंह, शैलेश सिंह, गोविंद दांगी, अजय भुइयां,कारू यादव,राजेश जयसवाल,मनीष सिंह,ललन सिंह, अजीत दांगी, मन्नू दांगी, रियाज अंसारी, रफीक अंसारी, कपिल दांगी, मुकेश केशरी, सीताराम राणा सहित अन्य।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 6 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा 9 दिवसीय ज्ञान महायज्ञ

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : श्री श्री वैष्णव देवी, राम दरबार, राधाकृष्ण प्राण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ (नौ दिवसीय कार्यक्रम) का शुभारंभ छह मई को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा।कलश यात्रा महायज्ञ स्थल चंदनडीह से प्रारम्भ होगी। इस आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष सह अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता व साध्वी रागिनी ने दी।उन्होंने बताया कि महायज्ञ श्री श्री 1008 संत शिरोमणी नागेश्वर गिरि जी महाराज के सानिध्य में संपन्न कराया जायेगा।सात मई को वेदी पूजन व मंडप प्रवेश कराया जायेगा।आठ मई को पूजन अनाधिवास, नौ मई को पूजन पत्राधिवास, दस मई को पूजन महास्नान व नगर भ्रमण, 11 व 12 मई को प्राण प्रतिष्ठा व कथा, 13 मई को पूजन व छप्पन भोग, 14 मई को संध्या महाआरती व सामूहिक हवन व पुर्णाहुति की जायेगी।प्रत्येक दिन कथा, प्रवचन, रासलीला व रामलीला का आयोजन किया जायेगा।

## वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रखंडस्तरीय अखिल भारतीय क्विज प्रतियोगिता में अजय एवं राजेश रहे प्रथम

### विष्णुगढ़ प्रखंड के 11 विद्यालयों के 22 प्रतिभागी प्रतियोगिता में हुए थे शामिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


पुरस्कार के साथ उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो के प्रतिभागी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रखंडस्तरीय अखिल भारतीय क्विज प्रतियोगिता 2023 में प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो को प्रथम पुरस्कार मिला है। इस विद्यालय के कक्षा नौ के दो छात्र अजय कुमार एवं राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से यह सफलता हासिल की है। वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रखंडस्तरीय अखिल भारतीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उच्च विद्यालय टाटीझरिया में किया गया था। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड के 11 उच्च विद्यालयों के दो-दो प्रतिभागी कुल 22 प्रतिभागी शामिल हुए थे। जिसमें अजय कुमार एवं राजेश कुमार को प्रथम पुरस्कार के तौर पर मोमेंटो, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र के साथ नगद पांच हजार प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रतिभागी को मिली इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए प्रधानाध्यापक ज्ञानामबुद ने भी प्रतिभागियों को पांच सौ रुपये प्रदान कर उनकी हौसला आफजाई की। बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा छात्र-छात्राओं में वित्त से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक ज्ञानामबुद ने बताया कि प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता के समापन के बाद जिलास्तरीय तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दोनों प्रतिभागियों को मिली इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षाप्रेमियों एवं ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर अजजा विद्यालय में समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : राजकीय अनु सुचित जनजातीय आवासीय विद्यालय परिवार के द्वारा शुक्रवार बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में भगवान, तथागत गौतम बुद्ध का त्रविध समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया. जहां प्रधानाध्यापक गिरजाराम एवं शिक्षकों समेत बच्चो ने बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया. प्रधानाध्यापक गिरजाराम ने बच्चो संबंधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के चार आर्य सत्य, दुखः है, दुखः का कारण है, दुखः के कारण का निवारण है, तथा.दुखः निवारण का मार्ग है, त्रिरत्न, प्रज्ञा, शील, समाधि अष्टांगमार्ग, मध्यम मार्ग, जिसे धर्म चक्र परिवर्तन कहते हैं. सम्यक – अच्छा, सही, सत्य- सम्यक – दृष्टि, संकल्प, वचन, कर्म आजीविका, उल्लेख किया गया. भगवान बुद्ध के विचारों का जीवन में अनुपालन का संकल्प लिया गया। साथ ही छात्रों द्वारा भगवान बुद्ध से संबंधित गीत गायन संभाषण एंव ज्ञान-प्रश्नोतरी आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। मौके पर शिक्षक अनीस समेत छात्रावास के बच्चे मौजूद थे।







Our Partners

ICICI Lombard, TATA AIG, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali, digit, care, Royal Sundaram, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS

सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार